बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

दूरभाष सं0:– 0612-2217956
फैक्स:– 0612-2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

- बिहार राज्य के कुल दस (10) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 3–नरकटियागंज, 37–राजनगर (अ0जा0), 87–जाले, 118–छपरा, 123–हाजीपुर, 137–मोहिउद्दीननगर, 151–परबत्ता, 156–भागलपुर, 161–बांका एवं 204–मोहनिया (अ0जा0) में आज दिनांक 21.08.2014 को मतदान सम्पन्न हुए हैं, जिसमें मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 2,422 तथा मतदान केन्द्र स्थलों की कुल संख्या 1,725 है तथा 46.42 प्रतिशत निर्वाचकों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।
- बिहार विधान सभा का उप निर्वाचन, 2014 एवं बिहार विधान सभा का आम निर्वाचन, 2010 में मतदान के प्रतिशत का तुलनात्मक विवरण :

जिला का नाम	विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम	बिहार विधान सभा का उप निर्वाचन, 2014 में मतदान का प्रतिशत	बिहार विधान सभा का आम निर्वाचन, 2010 में मतदान का प्रतिशत
पश्चिम चम्पारण	3–नरकटियागंज	58	59.25
मधुबनी	37–राजनगर (अ0जा0)	42	44.18
दरभंगा	87–जाले	44	44.64
सारण	118–छपरा	47.4	44.73
वैशाली	123–हाजीपुर	46	56.46
समस्तीपुर	137–मोहिउद्दीननगर	57	67.84
खगड़िया	151–परबत्ता	45	59.15
भागलपुर	156–भागलपुर	37	42.62
बांका	161–बांका	45	52.29
कैमूर	204–मोहनिया (अ0जा0)	48.2	55.97
मतदान का प्रतिशत		**46.42**	**52.05**

- उप निर्वाचन में कुल 94 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें पुरूष अभ्यर्थियों की संख्या 89 है तथा महिला अभ्यर्थियों की संख्या 5 है।
- उप निर्वाचन में कुल निर्वाचकों की संख्या 26,42,407 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 14,24,937 हैं तथा महिलाओं की संख्या 12,17,383 है।
- उप निर्वाचन में सेवा निर्वाचकों की कुल संख्या 3,692 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 2,654 हैं तथा महिलाओं की संख्या 1,038 है।

- उप निर्वाचन में कुल निर्वाचकों में से 99.98 प्रतिशत निर्वाचकों के छायाचित्र निर्वाचक सूची में सम्मिलित हैं तथा 99.61 निर्वाचकों को ईपिक निर्गत किया जा चुका है।
- उप निर्वाचन में 2465 बैलेट यूनिट तथा 2465 कंट्रोल यूनिट का उपयोग हुआ है, जिसमें 20 ई.वी. एम. मॉक पोल के पूर्व, 15 ई.वी.एम. मॉक पोल के दौरान बदले गये हैं तथा मतदान प्रारंभ होने के पश्चात् 8 ई.वी.एम. यानी कुल 43 ई.वी.एम. बदले गये हैं।
- सामान्य प्रेक्षकों की संख्या – 10
- अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण हेतु प्रेक्षकों की संख्या – 10
- सहायक अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण हेतु प्रेक्षकों की संख्या – 12
- माइक्रो प्रेक्षकों की संख्या – 944
- 170 वीडियो कैमरों का उपयोग किया गया है।
- 915 डिजिटल कैमरों का उपयोग किया गया है।
- 222 मतदान केन्द्रों से लाईव वेबकास्टिंग किया गया है, जो मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार की वेबसाईट के माध्यम से सभी नागरिकों के अवलोकन हेतु सुलभ था।
- 865 भेद्य टोलों की पहचान की गई, जिसमें निर्वाचकों की कुल संख्या 32,305 है।
- बिहार विधान सभा का उप निर्वाचन, 2014 की धोषणा के उपरांत अब तक उप निर्वाचन वाले विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में रू0 7,34,100/– भारतीय मुद्रा, अंग्रेजी शराब 82.2 लीटर, देशी शराब 48999. 02 लीटर एवं गांजा 283 कि0ग्रा0 जब्त किए गए हैं।
- बिहार विधान सभा का उप निर्वाचन, 2014 की धोषणा के उपरांत अब तक उप निर्वाचन वाले विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 125 शस्त्र/कारतूस जब्त किए गए हैं।
- अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों में आज मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु कुल 33 व्यक्तियों को गिरफ्तार एवं 12 वाहन जब्त किया गया।
- आज मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।

****